भास्कर इन्वेस्टिगेशन • 2014 में नौकरी के लिए दिया आवेदन, लेकिन नहीं हुई बहाली, 10 साल में तीन बार बदली नियमावली

बिहार के 55 खिलाड़ी दर-ब-दर, ट्रेनिंग की बजाय फाइलों में झोंके गए कोच

[illegible] | पटना

राज्य के ऐसे 55 खिलाड़ी हैं जिन्होंने बिहार के लिए विभिन्न खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया, मेडल जीते, लेकिन नौकरी नहीं मिली। ऐसा इसलिए हुआ कि वर्ष 2014 में जब इन्होंने आवेदन किया तो बहाली नहीं हुई और बाद में नियमावली बदलती चली गई। नई नियमावली में वे खेल शामिल नहीं हैं जिनमें इनमें से ज्यादातर खिलाड़ियों ने राज्य के लिए मेडल जीते थे। जो हैं उन्हें भी नौकरी नहीं मिली। नई नियमावली में केवल उन खेलों को शामिल कर लिया गया है जिन्हें इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन मान्यता देता है। दूसरी तरफ खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए वर्ष 2007 में बिहार सरकार ने विभिन्न खेलों के लिए 7 कोचों की नियुक्ति की। लेकिन इन्हें प्रशिक्षण देने के बजाय फाइलों की जिम्मेदारी सौंप दी गई। आज ये कोच सचिवालय में सहायक निदेशक या अलग-अलग जिलों में जिला खेल पदाधिकारी के पदों पर तैनात हैं।

क्या है मामला

खिलाड़ियों को नौकरी देने के लिए वर्ष 2014 की नियमावली के तहत सामान्य प्रशासन विभाग ने क्लर्क और चतुर्थवर्गीय पदों पर नौकरी का विज्ञापन जारी किया। कुल [illegible] पद थे। इनमें सिर्फ अनुभव का मापदंड रखा गया था, खेल के नाम लिखित नहीं थे। घोषणा के अनुसार खिलाड़ियों ने आवेदन किया, लेकिन नियुक्ति ही नहीं हुई। बाद में वर्ष 2020 और फिर 2023 में नियमावली बदली चली गई। 6 साल पहले विधान परिषद में भी नियमावली में परिवर्तन से संबंधित मामला उठा था।

खो-खो, सॉफ्ट टेनिस जैसे खेल नियमावली का हिस्सा नहीं

बिहार से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल चुके खिलाड़ी आज मुश्किल से अपना पेट पाल रहे हैं। कोई पटना AIIMS में वार्ड की नौकरी कर रहा है, तो कोई सेल्समैन है, कोई साइकिल की दुकान में पंक्चर बना रहा है।

1 रोहित कुमार: बॉडी बिल्डर हैं। 2010 से 2019 तक सीनियर नेशनल 9 बार, जूनियर नेशनल 15 बार और इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 7-8 बार भाग लिया। 9 बार मेडल जीते। अभी, एम्स में वार्ड हैं।

2 विरेंद्र कुमार : 2010 से 2019 तक बॉडी बिल्डिंग में 17 बार इंटरनेशनल खेले और बिहार को 5 बार गोल्ड मेडल लाकर दिया है। अभी पटना एआईआईएमएस में चौकीदार है।

3 मंसूर आलम: 16 साल तक खो-खो के प्लेयर रहे। 3 बार जूनियर नेशनल, 5 बार सीनियर, दो बार ईस्ट जोन खेला है। एक बार इंटरनेशनल भी खेल चुके हैं। अभी साइकिल शॉप में पंक्चर बनाते हैं।

4 [illegible] कुमार: सॉफ्ट टेनिस के खिलाड़ी हैं। 2008 से 2024 तक लगातार 10 बार नेशनल, एक बार ईस्ट जोन और एक बार इंटरनेशनल मैच खेला। 6 बार मेडल जीता। अभी निजी स्कूल में पीटी टीचर हैं।

क्या कहते हैं अधिकारी

वर्ष 2023 के पहले की नियमावली में क्या था इस बारे में हम कुछ नहीं कह सकते। सिर्फ 2023 की नई पॉलिसी मेडल लाओ और नौकरी पाओ की योजना पर काम कर रहे हैं। नियमावली में हम उन्हीं खेलों को शामिल कर सकते हैं जिन्हें इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन और भारत सरकार मान्यता देती है।

-रविंद्र शंकरण, डीजी स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों ने आवेदन दिया, जिसके बाद विज्ञापन बीच में अटका दिया गया। जिन खेलों को सरकार अनुदान देती है। खेल कैलेंडर में शामिल करती रही है अब उन्हीं खेलों को सामने से हटा कर दिया। सचिवालय के अधिकारियों ने फाइलों का ऐसा खेल खेला कि खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो गया।

-[illegible] तिवारी, अध्यक्ष बिहार [illegible]

मुरादाबाद में पुलिस पर हमला, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा; वर्दी फाड़ी

भास्कर न्यूज | मुरादाबाद

मुरादाबाद में ट्रैक्टर के नीचे दबने से युवक की मौत के बाद गुस्साए [illegible] ने पुलिस पर हमला कर दिया। दौड़ा-दौड़ाकर पत्थर-डंडे मारे। [illegible] वर्दी फाड़ दी। पुलिस पर हमले की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। सीओ और एसएसपी भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। [illegible] समझाकर [illegible] पुलिसकर्मियों को मुक्त कराया। [illegible] ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस वसूली के लिए ट्रैक्टर का पीछा कर रही थी। तेज रफ्तार से भगाने की वजह से ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबने से ट्रैक्टर चला रहे ग्रामीण मोनू की मौत हो गई। पुलिस ने 2 कॉन्स्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु और लुम्बिनी जाने वाले पर्यटकों का मुख्य ठिकाना बना गोरखपुर

गोरखपुर बन रहा टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी का हब, अब यहां 3 फाइव स्टार होटल

भास्कर न्यूज | गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्सर इस बात का जिक्र करते हैं कि गोरखपुर कभी माफिया, मच्छर, गंदगी और खराब सड़कों के लिए जाना जाता था। यह सिर्फ भाषण का हिस्सा नहीं, बल्कि कुछ साल पहले तक की हकीकत थी। पर इन सात वर्षों में गोरखपुर ने खुद को इतनी तेजी से बदला है कि अब यह पूर्वी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बन गया है।

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में हो रहे बड़े बदलावों ने इसे एक उभरते हुए हब में तब्दील कर दिया है। यहां बनने वाले फाइव स्टार होटलों की श्रृंखला, [illegible] सुंदर होटलों का कायाकल्प, वाटर एडवेंचर एक्टिविटी और क्रूज-फ्लोटिंग रेस्टोरेंट इसका जीता-जागता उदाहरण है।

जहां कभी गोरखपुर की छवि अपराध से जुड़ी थी और बाहरी लोग यहां आने से कतराते थे, आज उसी गोरखपुर में रेडिसन ब्लू, मैरियट और रमाडा जैसे वैश्विक ब्रांडों के फाइव स्टार होटलों में लोगों की भीड़ लगी रहती है। आने वाले समय में ताज और हॉलिडे इन जैसे बड़े ब्रांड्स भी यहां अपनी सेवाएं देंगे। गोरखपुर की खासियत यह है कि यह बौद्ध सर्किट के केंद्र में स्थित है। सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु और लुम्बिनी जाने वाले पर्यटकों का मुख्य ठिकाना यही शहर बन गया है। कुछ साल पहले तक यहां ऐसे किसी हॉस्पिटैलिटी सेक्टर की कमी थी, जो विदेशी और अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर सके, लेकिन अब यह स्थिति बदल गई है।

एक समय तक गोरखनाथ मंदिर ही यहां का मुख्य पर्यटन केंद्र था, लेकिन अब रामगढ़ताल और गोरखपुर के चिड़ियाघर ने भी पर्यटकों का ध्यान खींचा है। रामगढ़ताल, जो एक समय उपेक्षा और गंदगी का प्रतीक था, आज पूर्वी उत्तर प्रदेश का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल बन गया है। यह न केवल सैलानियों का मन मोह रहा है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है। रामगढ़ताल में बोटिंग, [illegible] और फिल्मों की शूटिंग जैसे आकर्षण इसे मुंबई और गोवा के समान बना रहे हैं। इसके अलावा, यहां पर प्रदेश का पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर का वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी तैयार हो चुका है, जहां 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स' की रोइंग प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो चुका है। अब यहां के युवाओं को रोइंग की ट्रेनिंग भी मिल रही है। इसी तर्ज पर शहर के उत्तरी हिस्से में स्थित चिलुआताल को भी टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया जा रहा है। गोरखपुर ने अपने इतिहास से निकलकर एक नई पहचान बनाई है, जो न केवल प्रदेश बल्कि देश के पर्यटन मानचित्र पर भी अपनी एक खास जगह बना रही है।

गोरखपुर: इको टूरिज्म की नई शुरुआत

गोरखपुर में अब इको टूरिज्म का भी विकास हो रहा है। शहीद अशफाक उल्ला खां के नाम पर बने चिड़ियाघर में दुर्लभ वन्यजीवों को देखने के लिए पूर्वांचल भर से लोग आ रहे हैं। यहां का 7डी थिएटर पर्यटकों के लिए एक नया रोमांच लेकर आया है। इसके साथ ही, कैंपियरगंज में दुनिया का पहला राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण और प्रजनन केंद्र भी स्थापित हो चुका है, जो गोरखपुर की इको टूरिज्म की छवि को और भी मजबूत बना रहा है।

दुर्गापूजा त्योहार की वजह से पुलिसकर्मियों की 5 से 16 अक्टूबर तक छुट्टी रद्द

पटना | बिहार में दुर्गापूजा त्योहार को ध्यान में रखते हुए पुलिसकर्मियों की सभी छुट्टियां 5 से 16 अक्टूबर तक रद्द कर दी गई हैं। पुलिस मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है। हालांकि विशेष परिस्थिति में पुलिसकर्मियों को छुट्टियां मिलेंगी। पुलिसकर्मियों को 3 अक्टूबर से शुरू होने वाले शारदीय नवरात्र को ध्यान में रख कर के सतर्क रहने को कहा गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा पुलिसकर्मियों को मेला, पूजा पंडाल, चौराहा, भीड़-भाड़ वाले स्थान पर विशेष निगरानी का आदेश दिया गया है।

खेत में मिला महिला का शव, कुछ दूर पड़े थे कपड़े

लखनऊ | लखनऊ के इटौंजा थाना क्षेत्र में धान की फसल के बीच एक महिला का शव मिला है। उसके कपड़े मेड़ पर पड़े थे। शव लगभग 3 से 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। शव में कीड़े पड़ चुके हैं। महिला की उम्र 35 साल बताई जा रही है। शुक्रवार सुबह खेत मालिक [illegible] के लिए [illegible] गया। तभी मेड़ पर कुछ कपड़े दिखे। खेत में [illegible] महिला का शव पड़ा मिला। [illegible] ने पुलिस को फोन किया। गांव वालों को भी बताया। पुलिस के पहुंचते-पहुंचते घटनास्थल पर भीड़ लग गई।

केशव मौर्य ने सपा-बसपा, कांग्रेस पर साधा निशाना, बोले-

यूपी की बर्बादी के लिए यही जिम्मेदार, पीएम चाहते हैं कि भारत आत्मनिर्भर बने

भास्कर न्यूज | मिर्जापुर

मिर्जापुर के मझवां विधानसभा में ग्राम चौपाल एवं अनुसूचित जाति मोर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सपा-बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इन्हें वोट देने से किसी का भला होने वाला नहीं है। उत्तर प्रदेश के बर्बादी का जिम्मेदार यही लोग हैं। इन्हें केवल सत्ता से मतलब है। समाज के विकास प्रदेश एवं देश के उत्थान के लिए से इनका कोई नाता नहीं है। केशव मौर्य ने कहा कि मोदी सरकार के 10 साल में 100 साल आगे हिंदुस्तान बढ़ा है। तीसरे कार्यकाल में यह 50 साल और आगे बढ़ेगा। हिंदुस्तान का मान सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि दुनिया के हर बाजार में हिंदुस्तान का उत्पादन हो। जो विरोधियों को पसंद नहीं आ रहा है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होना है। विपक्षी राजनीति का आधार जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण है। अपराधी और माफियाओं का संरक्षण देना जिनका काम है। ऐसे लोग आपके पास आते हैं। इनसे सावधान रहना है।

डा.सुकेत हुड्डा
[illegible] 182

एक ही पुड़िया से दमा-नजले का स्थायी इलाज

ADVT.

पुश्तैनी नुस्खे से तैयार आयुर्वेदिक दवाई को डॉ. सुकेश हुड्डा, डॉ. हनी हुड्डा केवल एक से तीन पुड़िया देते हैं और उसी से दमा रोग नजला जिसमें आंखों से, नाक से व गले के अन्दर पानी टपकता है एवं बार-बार होने वाला जुकाम सुबह-सुबह आने वाली छींके और पुरानी से पुरानी खांसी का स्थाई इलाज हो जाता है। दवाई साल में एक ही बार मिलती है। इस साल यह दवाई आज से मिलनी शुरू हो गई है। दवाई केवल 7 दिन और मिलेगी। उसके बाद दवाई अगले साल ही मिलेगी। दवाई सीमित मात्रा में होती है, जो पहले आयेगा उसी को मिलेगी। डॉ. हनी हुड्डा, डॉ. सुकेश हुड्डा, सेक्टर-7, कोठी नं. 182 शहर गोहाना, (जिला सोनीपत) में रहते हैं। अगर कोई भी इन व्हाट्सअप नं. 9896775544, 9812250602 पर हैलो या अपना नाम लिखकर मैसेज भेजेगा तो उसे ईलाज से सम्बंधित सारी जानकारी लोकेशन सहित भेज दी जाएगी। डॉ. सुकेश हुड्डा के पिता जी, जो अब इस दुनिया में नहीं हैं डॉक्टर महेंद्र सिंह हुड्डा ने इस नुस्खे को खोजा था और [illegible] इस दवा से अब तक लाखों मरीज लाभ प्राप्त कर चुके हैं। यह दवाई पिछले 36 साल से दी जा रही है। साल में एक ही बार इन बीमारियों की दवाई दी जाती है। अगर कोई इन बीमारियों में से किसी भी बीमारी से परेशान है तो पूरी गारंटी के साथ दवाई दी जाएगी।

इस दवाई के ऊपर मेरे गुरु गोरखनाथ का आशीर्वाद है।

-डॉ. सुकेश हुड्डा, डॉ. हनी हुड्डा

अधिक जानकारी हेतु QR कोड स्कैन करें

मैट्रिक का परीक्षा फॉर्म भरने स्कूल पहुंची छात्रा का अपहरण

नेपाल में मिल रहा है लोकेशन, दो आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | नरकटियागंज

मैट्रिक की परीक्षा फॉर्म भरने अपने गांव से आई छात्रा का अपहरण कर लिया गया है। छात्रा के पिता ने शिकारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुख्य आरोपी गिरफ्त से दूर है। छात्रा का लोकेशन नेपाल मिल रहा है। छात्रा के पिता ने बताया है 21 सितंबर को उनकी बेटी परीक्षा फॉर्म भरकर घर वापस नहीं लौटी तो चिंता होने लगी। खोजबीन के दौरान पता चला कि रामाशीष कुमार ने उनकी पुत्री का अपहरण कर लिया गया है। उसके दो सहयोगियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। रामाशीष कुमार गिरफ्त से बाहर है।

अपहरण में सहेली ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

परिजनों ने पुलिस को बताया कि अपहृत छात्रा को लेकर नेपाल में घुसा है। अपहरण में छात्रा की एक सहेली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस उसे बरामद करने में लगी हुई है।

परिवर्तन यात्रा • केंद्रीय कृषि मंत्री ने लगाई वादों की झड़ी

भाजपा सरकार बनते ही खाली पड़े दो लाख पद भरे जाएंगे : शिवराज

किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार प्रोत्साहन राशि मिलेगी

भास्कर न्यूज | महुआडांड़ (लातेहार)

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान परिवर्तन यात्रा के तहत शुक्रवार को महुआडांड़ पहुंचे। यहां उन्होंने वादों की झड़ी लगा दी। शिवराज ने कहा-झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले खाली पड़े दो लाख सरकारी पद भरे जाएंगे। ताकि राज्य का विकास पूरी रफ्तार के साथ हो सके। किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। महिलाओं को मकान 2.40 लाख रुपए दिए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सभी को पक्का घर, स्वास्थ्य बीमा और अन्य लाभ दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस इलाके में नाशपाती और आलू की खेती की काफी संभावनाएं हैं। लेकिन बाजार तक पहुंच न होने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है। वे जल्दी ही आईसीएआर की टीम भेजेंगे, जो खेती की संभावनाओं पर विचार करेगी। शिवराज ने कहा कि राज्य में जनकल्याण योजनाओं को ठीक से लागू नहीं किया जा रहा है। यहां हर काम का रेट फिक्स है। पैसे दें और आपका काम हो जाएगा। उन्होंने हेमंत सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगाया।

मंच पर पोटली लेकर आई वृद्धा को शिवराज सिंह चौहान ने गले लगा लिया।

बांग्लादेशी घुसपैठ ने परंपरा को नुकसान पहुंचाया

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा देकर यहां की संस्कृति और परंपरा को नुकसान पहुंचा रही है। आदिवासियों के हक और अधिकार छीने जा रहे हैं। संबोधन के दौरान कुछ महिलाओं ने शिवराज को एक-एक पोटली दी। इस पर उन्होंने कहा- ये बहनें पोटली में मिट्टी लेकर आई हैं। इसका मतलब है कि झारखंड की मिट्टी सुरक्षित नहीं है। बेटी सुरक्षित नहीं है। झारखंड की रोटी-बेटी और माटी की सुरक्षा के लिए ही भाजपा ने परिवर्तन यात्रा शुरू की है।

15 युवाओं की मौत के लिए हेमंत सरकार ही जिम्मेदार

शिवराज ने कहा कि हेमंत सोरेन ने युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली। अब चुनाव के समय उन्हें इसकी याद आई तो नौकरी के नाम पर युवाओं को दौड़ाया। इससे 15 युवाओं की मौत हो गई। यह हादसा नहीं, हत्या है। इन मौतों के लिए सीधे तौर पर हेमंत सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो की सरकार ने पूरे झारखंड को बर्बाद कर दिया है। यहां न बिजली मिल रही है और न पीने के लिए शुद्ध पानी।

नवादा: पुलिस टीम पर हमला, 3 जवान घायल, दो गिरफ्तार

भास्कर न्यूज | नवादा

नवादा जिले के वारसलीगंज थाना के फतेहपुर गांव के समीप डायल 112 के पुलिस टीम पर कुछ दबंगों ने हमला कर दिया, जिसमें कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के मुताबिक, गुरुवार की शाम पांच बजे डायल 112 पुलिस टीम गश्ती कर रही थी। फतेहपुर के समीप कुछ ग्रामीणों ने गालियां दे दी। पुलिस टीम ने जब गाड़ी रोककर उनसे पूछा तब 112 टीम के पुलिस के [illegible] उलझ गया और मारपीट करने लगा। इसमें [illegible] सत्यानंद कुमार, ड्राइवर [illegible] और महिला पुलिस कर्मी [illegible] घायल हो गई। इसके बाद ग्रामीणों की [illegible] कर दिया।

जेएसएससी • राजभवन के आदेश और छात्रों के विरोध के बाद फैसला

सीजीएल परीक्षा की जांच के लिए बनी कमेटी, 7 दिन में रिपोर्ट देगी

[illegible] रिपोर्टर | रांची

जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा एक बार फिर विवादों में है। पेपर लीक, [illegible] और [illegible] जिलों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे हैं। राजभवन ने भी जांच का आदेश दे दिया है। राजभवन के आदेश के बाद जेएसएससी ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। इसमें संयुक्त सचिव मधुमिता कुमारी और उप सचिव अरविंद कुमार लाल को शामिल किया गया है। कमेटी को जांच पूरी कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा गया है।

इससे पहले गुरुवार को अभ्यर्थियों ने जेएसएससी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया था। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर उन्होंने जमकर हंगामा किया था। इस पर आयोग के अध्यक्ष ने उन्हें आश्वस्त किया था कि जांच कर सच सामने लाया जाएगा। उधर, इस मामले को लेकर अभ्यर्थी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। गौरतलब है कि सामान्य स्नातक स्तर के पदों पर नियुक्ति के लिए करीब एक दशक से प्रक्रिया चल रही है। लेकिन आज तक नियुक्ति प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। एक बार विज्ञापन रद्द करने के बाद दूसरी बार फिर नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है, जो विवादों में है।

बापू वाटिका में दो अक्टूबर से धरना देंगे अभ्यर्थी

अभ्यर्थी सीजीएल परीक्षा रद्द करने और फिर जल्दी परीक्षा आयोजित करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी दो अक्टूबर से मोरहाबादी मैदान स्थित बापू वाटिका के सामने धरना देंगे। झारखंड [illegible] के संयोजक [illegible] इमाम ने कहा कि जेएसएससी प्रतियोगी परीक्षाएं लेने में असफल रहा है। बार-बार पेपर लीक होने से अभ्यर्थी परेशान हैं। इसलिए, जब तक यह परीक्षा रद्द नहीं हो जाती, तब तक धरना जारी रहेगा।

राजद नेता के डॉक्टर पुत्र ने हॉस्पिटल में किशोरी से किया दुष्कर्म का प्रयास

भास्कर न्यूज | मुजफ्फरपुर

[illegible] बाजार के सिनेमा हॉल रोड स्थित निजी हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंची किशोरी के साथ डॉक्टर ने दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध पर उसकी पिटाई कर दी। किशोरी ने किसी तरह हॉस्पिटल से भागकर अपनी इज्जत बचाई। उसने मां व चचेरे भाई के साथ थाना पहुंच कर एफआईआर दर्ज कराई। डॉक्टर राजद के एक कद्दावर नेता का पुत्र है।

घटना गुरुवार रात करीब 9 बजे की है। इस संबंध में किशोरी की मां ने आवेदन दिया। इसमें डॉक्टर व कंपाउंडर पंकज कुमार को नामजद किया है। डॉ. सनी [illegible] थाना के [illegible] गांव का रहने वाला है। पीड़िता भी [illegible] थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। उसकी मां ने पुलिस को बताया कि 14 वर्षीय पुत्री ने गुरुवार को घर पर भाई से मोबाइल को लेकर झगड़ा की थी। गुस्से में आकर उसने कीटनाशक खा लिया। वह पुत्री को लेकर डॉ. सनी के हॉस्पिटल पहुंची।

डॉ. सनी व कंपाउंडर पंकज कुमार किशोरी को लेकर तीसरी मंजिल पर एक कमरे में चले गए। हमें बाहर बैठा दिया। कुछ समय बाद कंपाउंडर नीचे उतर गया। इसी बीच पुत्री चिल्लाने लगी और बाहर भागी। पीछे से डॉ. सनी निकले। पुत्री भागने लगी। परिजन भी पीछे से नीचे भागे। डॉक्टर ने कंपाउंडर को उसे पकड़ने के लिए कहा। लेकिन, [illegible] किसी तरह भागकर थाने पहुंची। किशोरी ने बताया कि डॉ. सनी ने इलाज के क्रम में शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर कपड़ा फाड़ दिया और पिटाई करने लगा।

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

[illegible] नई दिल्ली-110024

[illegible]

क्र.सं.	संपत्ति का विवरण	[illegible]	ईएमडी	[illegible]
1	[illegible]	रु. [illegible]/-	रु. [illegible]/-	[illegible]

[illegible]

स्थान : दिल्ली / दिनांक : 27-09-2024

वास्ते कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड/
प्राधिकृत अधिकारी